9. सुरक्षा अधिकारी को पुलिस कर्मचारी एवं संबंधित अस्पताल के कर्मचारियों के साथ समस्त मेडिको लिगल केस हेतु दस्तावेजीकरण में सहायता प्रदान करना अनिवार्य होगा।

10. सुरक्षा अधिकारी को चालान/गेट पास/प्रवेश पास के माध्यम से समस्त सामग्रियों और मरीजों/परीजनों एवं अन्य आगंतुको प्रवेश और निकास को सुनिश्चित करना और उसी का रिकार्ड का संधारण करना होगा।

11. सुरक्षा अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि अधीनस्थ समस्त सुरक्षा कर्मी वर्दी सहित अपने कर्तव्य पर उपस्थित है।

12. सुरक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ सुरक्षा कर्मी को प्रत्येक सुरक्षा चौकी से संबंधित सुरक्षा संबंधी जानकारियों से अवगत करायेगा। वाहनों की आवाजाही, वैलेट पार्किंग वाहनों की आवाजाही, सामग्री की आवाजाही, कर्मचारियों की आवाजाही के रजिस्टरों को ठीक तरह से संधारण करायेगा।

13. सुरक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि उसके अधीनस्थ सुरक्षा कर्मी किसी भी मरीजों/परीजनों एवं अन्य किसी व्यक्ति से रिश्वत की मांग करने में शामिल ना हो।

14. सुरक्षा अधिकारी अपने संपूर्ण कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान होगा।

<u>सुरक्षा गार्ड/सुरक्षा कर्मी का दायित्व एवं कर्तव्य</u> :–

1. सुरक्षा गार्डों को कर्तव्य के दौरान उचित साफ–सुथरे वर्दी धारण करना अनिवार्य है।
2. किसी भी अजनबी को बिना किसी कारण के चिकित्सालय एवं महाविद्यालय में प्रवेश नहीं करने देगा।
3. महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं वरिष्ठ व्यक्तियों से विनम्रता एवं शिष्टापूर्वक व्यवहार करेगा।
4. अपने संपूर्ण कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान होगा।
5. सुरक्षा गार्ड अपने कर्तव्य स्थल को तब तक नही छोड़ेगा जब तक उसका एवजीदार/द्वितीय पाली का सुरक्षा गार्ड उस स्थल पर उपस्थित ना हो जावे।
6. बिना गेट पास या उचित और वैध दस्तावेजों के बिना किसी को भी कोई भी सामग्री बाहर ले जाने नहीं देगा। इस संबंध में महाविद्यालय, चिकित्सालय के अधीनस्थ संबंधित विभाग/शाखा से संपर्क करना अनिवार्य होगा।
7. सुरक्षा गार्ड को अपने कर्तव्य के दौरान आवश्यकतानुसार कार्यालय के लाईट, पंखा, दरवाजा, खिड़की इत्यादि को बंद करना अनिवार्य होगा।
8. वाहनों के आवाजाही हेतु रजिस्टर का संधारण करना एवं आगुंतको के आवाजाही हेतु रजिस्टर का संधारण करना अनिवार्य होगा।
9. किसी भी वर्जित वस्तु को अंदर ले जाने नहीं देगा। महाविद्यालय एवं चिकित्सालय परिसर की कोई भी वस्तु बिना सक्षम अनुमति के बाहर ले जाने नहीं देगा।
10. अधिकारी/कर्मचारी/मरीज/अटेंडेंट/स्टाफ/छात्र–छात्राओं से दुर्व्यहार/अनावश्यक बहस नहीं करेगा अन्यथा आवश्यक कार्यवाही किया जावेगा जिसके लिए सफल निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा।
11. कर्तव्य के दौरान हमेशा सतर्क होना अनिवार्य है।
12. सुरक्षा–गार्ड को जरूरतमंदों की हर संभव मदद करना अनिवार्य होगा।

<u>अनुलग्न : 02</u>

(अ) स्व. श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.) में सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक सुरक्षा अधिकारी/बाउंसर/सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सुरक्षा कर्मी का विवरण

| क्रं. | विभाग/शाखा | विवरण (निर्धारित मानक) | आवश्यक संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सुरक्षा अधिकारी | | 1 | |
| 02 | बाउंसर | अधिष्ठाता, के सुरक्षा हेतु आवश्यकतानुसार ही रखा जावेगा। | 1 | |
| 03 | सुरक्षा सुपरवाईजर | - | 3 | |
| 04 | चिकित्सा महाविद्यालय के प्रत्येक प्रवेश द्वार पर | तीनो पालीयों में एक–एक सुरक्षा कर्मी | | |
| | (A) मेन गेट क्रमांक–01 | - | 3 | |
| | (B) मेन गेट क्रमांक–02 | - | 3 | |
| | (C) मेन गेट क्रमांक–03 | - | 3 | |
| | (D) महाविद्यालय भवन का मुख्य द्वार | - | 3 | |
| | (E) महाविद्यालय भवन के पीछे का द्वार | - | 3 | |
| 05 | चिकित्सा महाविद्यालय पार्किंग | तीनो पालीयों में एक–एक सुरक्षा कर्मी | 3 | |
| 06 | चिकित्सा महाविद्यालय लाईब्रेरी | सुबह एवं शाम की पाली में एक एक सुरक्षा कर्मी | 2 | |
| 07 | चिकित्सा महाविद्यालय ऑडिटोरियम | तीनो पालीयों में एक–एक सुरक्षा कर्मी | 3 | |
| 08 | अधिष्ठाता कार्यालय | कार्यालयीन समय पर एक सुरक्षा कर्मी | 2 | दो पालीयों में एक–एक सुरक्षा कर्मी |
| 09 | छात्र छात्रावास | तीनो पालीयों में एक–एक सुरक्षा कर्मी | | |
| | यू.जी. छात्र छात्रावास | - | 3 | |
| | जे.आर. छात्रावास | - | 3 | |
| 10 | छात्रा छात्रावास | तीनो पालीयों में एक–एक सुरक्षा कर्मी | | |
| | यू.जी. छात्रा छात्रावास | - | 3 | |
| | जे.आर. छात्रा छात्रावास | - | 3 | |
| | नर्सिंग छात्रावास | - | 3 | |
| 11 | चिकित्सक आवासीय परिसर | तीनो पालीयों में एक–एक सुरक्षा कर्मी | | |
| | अधिष्ठाता बंगला | - | 3 | |
| | एम.एस. बंगला | - | 3 | |
| | (A) टाईप–3 | - | 3 | |
| | (B) टाईप–4 (A&B) | - | 3 | |
| | (C) टाईप–5 (A&B) | - | 3 | |
| 12 | स्टाफ आवासीय परिसर | तीनो पालीयों में एक–एक सुरक्षा कर्मी | | |
| | टाईप–6 एवं टाईप–7 | - | 3 | |
| | | **योग** | **63** | |

**नोट :** सुरक्षा अधिकारी/बाउंसर/सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सुरक्षाकर्मी की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी अथवा वृद्धि की जा सकती है।

(ब) संत बाबा गुरू घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ (छ.ग.) में सुरक्षा व्यवस्था हेतु आवश्यक सुरक्षा अधिकारी/बाउंसर/सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सुरक्षा कर्मी का विवरण है :–

| क्रमांक | विभाग / शाखा | विवरण | आवश्यक संख्या | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | सुरक्षा अधिकारी | | 01 | |
| 02 | बाउंसर | अधीक्षक कार्यालय एवं कैजुअल्टी के सुरक्षा हेतु आवश्यकतानुसार ही रखा जावेगा। | 03 | |
| 03 | सुरक्षा सुपरवाईजर | | 03 | |
| 04 | चिकित्सालय के प्रत्येक प्रवेश द्वार पर | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 09 | |
| 05 | चिकित्सालय के चिकित्सक, स्टाफ पार्किंग एवं परिजन, प्रत्येक पार्किंग स्थल पर | सुबह 02 एवं शाम तथा रात्रिकालीन में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 12 | |
| 06 | चिकित्सालय के मेडिकल गेस प्लांट | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 03 | |
| 07 | अधीक्षक कार्यालय | कार्यालयीन समय पर एक सुरक्षाकर्मी | 01 | |
| 08 | एम.आर.आई.रूम हेतु | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 03 | |
| 09 | सी.टी. स्कैन रूम हेतु | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 03 | |
| 10 | एक्स–रे / सोनोग्राफी रूम हेतु | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 06 | |
| 11 | आपात चिकित्सा अधिकारी कक्ष | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 03 | |
| 12 | आपात चिकित्सा विभाग/इमरजेंन्सी विभाग | तीनों पालियों में 2–2 (1 महिला एवं 1 पुरूष) सुरक्षाकर्मी | 06 | |
| 13 | शव परीक्षण कक्ष (मरच्युरी), फारेंसिक मेडिसीन विभाग | कार्य अवधि अनुसार सुरक्षाकर्मी | 02 | सुबह शाम 1–1 सुरक्षाकर्मी |
| 14 | पैथोलॉजी विभाग, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबॉयोलॉजी (Centralized Lab) | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 09 | प्रत्येक विभाग हेतु अलग–अलग सुरक्षाकर्मी |
| 15 | मेडिकल रिकार्ड विभाग | कार्य अवधि अनुसार सुरक्षाकर्मी | 02 | सुबह शाम 1–1 सुरक्षाकर्मी |
| 16 | ऐडवांस कार्डियक इस्टिट्यूट कैथ लैब | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 03 | |
| 17 | ब्लड बैंक | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 03 | |
| 18 | चिकित्सालय के प्रत्येक आईसीयू, आईसीसीयू, एमआइसीयू, सीसीयू, पीआइसीयू, एनआइसीयू,बर्न आईसीयू , प्रसूता आईसीयू आदि हेतु | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 18 | |
| 19 | लेबर रूम स्त्री एवं प्रसूती रोग विभाग | तीनों पालियों में 2–2 महिला सुरक्षाकर्मी | 06 | |
| 20 | वर्तमान में चिकित्सालय के विभिन्न विभाग, वार्ड, आईसीयू आदि में कुल 650 बिस्तर उपलब्ध है, उक्त बिस्तरों के अनुपात के लिए सुरक्षा व्यवस्था हेतु मानक निर्धारण अनुसार सुरक्षा कर्मीयों की आवश्यकता | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 65 | |
| 21 | ओ.टी. कॉम्पलेक्स I & II | तीनों पालियों में 1–1 सुरक्षाकर्मी | 06 | |
| | | कुल योग | 167 | |

**नोट :** सुरक्षा अधिकारी/बाउंसर/सुरक्षा सुपरवाईजर एवं सुरक्षाकर्मी की संख्या में आवश्यकतानुसार कमी अथवा वृद्धि की जा सकती है।

